म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

M.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY, GWALIOR

CELEBRATING 121 YEARS MPCCI

https://mpcci.in

eअर्थवार्ता

मासिक पत्रिका

सोलर फेयर 2026 सम्पन्न



SEPTEMBER 2026

- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- वर्ष : 29, अंक : 03

दो-दिवसीय 'सोलर फेयर-2026' का दि. 12-13 सितम्बर को भव्य आयोजन

चौथी बार लगातार सफलता पूर्वक हुआ आयोजन



दो-दिवसीय 'सोलर फेयर-2026' का भव्य आयोजन दि. 12-13 सितम्बर 2026 को दोपहर में 12.00 से रात्रि में 8.00 बजे तक किया गया । इस आयोजन का शुभारम्भ शनिवार, 12 सितम्बर को अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा फीते की गांठ खोलकर किया गया । इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष-सुरेश बंसल, उपाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-दीपक पमनानी एवं कोषाध्यक्ष-मनोज अग्रवाल सहित सोलर वेण्डर्स व व्यवसायीगण उपस्थित थे ।

फेयर के शुभारम्भ अवसर पर अपने उद्‌बोधन में अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ने जब प्रथम 'सोलर फेयर' आयोजित किया था, तब ग्वालियर की छतों पर सोलर पैनल दिखाई नहीं देते थे, तब ये लक्ष्य था कि शहरवासी अधिक से अधिक सोलर के प्रति जागरुक हों । आज जब हम चौथा 'सोलर फेयर' आयोजित कर रहे हैं, तब दूसरी कई समस्याएँ सामने आ रहीं हैं, जैसे कि किसी का मीटर बहुत देर में लग रहा है, तो किसी का उत्पादन कम हो रहा है । आपने उदाहरण देते हुए कहा कि अभी-अभी एक उपभोक्ता ने बताया कि सोलर लगने के बाद उसका बिजली का बिल अधिक आ रहा है । आपने सोलर विक्रेताओं से अपील करते हुए कहा कि आप उपभोक्ता के यहाँ सोलर लगाने के बाद कम से कम 6 माह तक उसकी मॉनीटरिंग करें, उसकी चिंता करें । यदि कोई समस्या आती है, तब उसका निराकरण भी त्वरित करें । जब आप ऐसा करेंगे, तब अवश्य ही आपको ग्राहक भी अधिक संख्या में उपलब्ध होंगे । इस अवसर पर आपने विद्युत वितरण कं. के अधिकारियों से भी कहा कि आप भी अपने विभाग से संबंधित सोलर मीटर से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान करें । सोलर मीटर लगाने में अधिक समय न लें, तभी हर घर सोलर लगाने का लक्ष्य पूरा हो सकेगा ।

शुभारम्भ कार्यक्रम का संचालन, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने किया । आपने इस अवसर पर लगातार चौथे 'सोलर फेयर' के आयोजन में शामिल होने वाले सभी 'सोलर वेण्डर्स' सहित उपस्थित व्यवसाईयों को कार्यक्रम की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी । आपने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सौर ऊर्जा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

इस दो-दिवसीय ''सोलर फेयर'' में बड़ी संख्या में सोलर वेंडर्स एवं उपभोक्ताओं ने भाग लिया । फेयर के माध्यम से उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने, सरकारी योजनाओं तथा आधुनिक सोलर तकनीक की उपयोगिता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई । सोलर फेयर में 19 सोलर वेंडर्स ने भाग लेकर अपने उत्पादों एवं सेवाओं

की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुँचाई । विभिन्न स्टॉल्स पर घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाले सोलर पैनल, सोलर सिस्टम एवं अन्य उपकरणों के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई ।





इस अवसर पर विशेषज्ञों ने सोलर सिस्टम की स्थापना, उसकी कार्यप्रणाली रखरखाव तथा इससे होने वाली बिजली की बचत के बारे में भी जानकारी प्रदान की । इसके माध्यम से आम परिवार अपने घर पर 'सोलर सिस्टम' लगाकर बिजली के खर्च को कम करने के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा दे सकते हैं । दो-दिवसीय सोलर फेयर ने यह संदेश दिया कि सौर ऊर्जा केवल बिजली बचत का माध्यम ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर, स्वच्छ एवं हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

समापन अवसर पर फेयर में शामिल होने वाले सभी सोलर वेंडर्स एवं विद्युत वितरण कं. के नोडल अधिकारी-श्री मोहित अग्रवाल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

समापन अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-मनोज अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य, सर्वश्री आशीष अग्रवाल, समीर अग्रवाल, सुनील गोयल सहित सदस्य सर्वश्री संजय नारायण अग्रवाल व राजीव वैश्य आदि उपस्थित थे ।





सदस्य उपलब्धियाँ...

व्यापार समिति दाल बाजार (रजि.) के निर्वाचन सम्पन्न


दिलीप पंजवानी


ऋषि अग्रवाल


श्याम कुमार बंसल (अप्पा)


अनुराग गर्ग


आयुष बंसल

व्यापार समिति दाल बाजार (रजि.) के निर्वाचन में अध्यक्ष–श्री दिलीप पंजवानी, उपाध्यक्ष–श्री ऋषि अग्रवाल, मंत्री–श्री श्याम कुमार बंसल (अप्पा), कोषाध्यक्ष–श्री अनुराग गर्ग, लेखा निरीक्षक–श्री आयुष बंसल निर्वाचित हुए है।

दि सिंधी होलसेल क्लॉथ मार्केन्टाइल एसोसिएशन के निर्वाचन सम्पन्न

दि सिंधी होलसेल क्लॉथ मार्केन्टाइल एसोसिएशन के निर्वाचन में अध्यक्ष–श्री श्यामसुंदर भाटिया, उपाध्यक्ष–श्री मनोज कुमार जैस्वानी, सचिव–श्री तुलसीदास मूलचन्दानी, सहसचिव–श्री किशोर कुमार कुकरेजा निर्वाचित हुए है।


श्यामसुंदर भाटिया


मनोज कुमार जैस्वानी


तुलसीदास मूलचन्दानी


किशोर कुमार कुकरेजा

युवा सराफा संघ, ग्वालियर की नई कार्यकारिणी गठित


नीलेश बिंदल


अखिलेश गोयल


भरत सिंघल


राहुल जैन

युवा सराफा संघ की वर्ष–2027 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष–श्री नीलेश बिंदल, उपाध्यक्ष–श्री अखिलेश गोयल, सचिव–श्री भरत सिंघल, कोषाध्यक्ष–श्री राहुल जैन सहित कार्यकारिणी सदस्य–सर्वश्री कुशल मंगल, अंकित जैन, चंदन अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, चिराग सांखला, दिव्यांशु जैन एवं अनूप जैन चुने गए।

लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल के नवनियुक्त पदाधिकारी


लायन अजय कुमार बत्रा


लायन रोशन गाबरा


लायन अमित अग्रवाल


लायन दीपक श्रीचंद जैसवानी

लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल के सेवा वर्ष 2026–27 के लिए विभिन्न पदों पर निम्नानुसार मनोनयन किया गया है :– अध्यक्ष–लायन अजय कुमार बत्रा, मानसेवी सचिव–लायन रोशन गाबरा, कोषाध्यक्ष–लायन अमित अग्रवाल, संयुक्त कोषाध्यक्ष–लायन दीपक श्रीचंद जैसवानी।

पदाधिकारियों ने निर्वाचित उपरोक्त सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

'गणेश चतुर्थी' के अवसर पर श्रीजी 'चेम्बर भवन' में हुए विराजमान



'गणेश चतुर्थी' के पावन अवसर पर सोमवार, 14 सितम्बर को 'चेम्बर भवन' में भगवान श्री गणेश जी की विधि विधान के साथ स्थापना की गई ।

कार्यकारिणी समिति की बैठक के महत्वपूर्ण निर्णय

कार्यकारिणी समिति की दिनांक 19 सितम्बर 2026 को आयोजित बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय निम्नानुसार हैं :-

* नव निर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यगणों का सदन से परिचय कराया गया ।
* संविधान की धारा-5 के तहत फर्म का नाम मेसर्स कन्हैयालाल नारायणदास से परिवर्तित कर, मेसर्स कन्हैयालाल रामकिशन किए जाने का निर्णय लिया गया ।
* मेसर्स जय मारुति गैस सिलेण्डर्स लि. का स्वरूप परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया ।
* दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किए जाने एवं इसके आयोजन हेतु संयोजक-संयुक्त अध्यक्ष, श्री सुरेश बंसल, सहसंयोजक-उपाध्यक्ष, श्री संदीप नारायण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-श्री दीपक पमनानी एवं कोषाध्यक्ष-श्री मनोज अग्रवाल को मनोनीत किए जाने का निर्णय लिया गया ।
* एकाउन्टेंट-श्री नवप्रीत सिंह कालरा की सेवाएँ स्थाई किए जाने का निर्णय लिया गया ।
* समूह क्रमांक-32 के सदस्य-श्री कैलाश अग्रवाल, मेसर्स ए. के. इंटरप्राइजेज से प्राप्त पत्र पर विचार कर, उक्त पत्र को निरस्त करने का निर्णय लिया गया ।

सितम्बर 2026 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* मुख्यमंत्री–माननीय डॉ. मोहन यादव, कृषि कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री–माननीय श्री एदल सिंह कंषाना, प्रमुख सचिव–कृषि विभाग एवं एमडी, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, कृषि उपज मण्डी, दीनारपुर, मुरार में व्यवसाईयों को दुकानें बनाकर किराए पर उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई ।
* केन्द्रीय वित्तमंत्री महोदया, भारत सरकार को पत्र प्रेषित कर, रु. 2 हजार से अधिक के **UPI** व्यापारिक लेनदेन पर दि. 15 अक्टूबर से **MDR** लागू किए जाने से कारोबारियों पर पड़ने वाले सीधे आर्थिक बोझ के संबंध में उल्लेख करते हुए, इस व्यवस्था को तत्काल वापिस लेने की माँग की गई ।
* म.प्र. के सभी चेम्बर ऑफ कॉमर्स सहित फिक्की, नई दिल्ली को पत्र प्रेषित कर, दि. 15 अक्टूबर से व्यापारिक लेनदेन पर **MDR** लागू किए जाने का विरोध अपने–अपने संगठन के माध्यम से करने की अपील की गई ।
* केन्द्रीय वित्तमंत्री महोदया एवं चेयरमैन, सीबीडीसी को पत्र प्रेषित कर, ई–फाइलिंग यूटिलिटी में देरी/संशोधन और क्रेडिट मिसमैच की लगातार बनी हुई समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, असेसमेंट ईयर 2026–27 के लिए इन्कम टैक्स रिटर्न और टैक्स ऑडिट रिपोर्ट फाइल करने की समय–सीमा को 02 माह बढ़ाने की माँग की गई ।
* जिलाधीश, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, शहर में धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक जुलूस के लिए दी जाने वाली प्रशासनिक अनुमति के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने की माँग की गई ।
* प्रदेश के मुख्यमंत्री–माननीय डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय संचार मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, प्रोफेशनल टेक्स को समाप्त किए जाने की माँग की गई । साथ ही, प्रदेश के समस्त चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स को भी पत्र लिखकर, तत्संबंध में शासन के सम्मुख अपनी–अपनी ओर से माँग किए जाने का अनुरोध किया गया ।

फायर ब्रिगेड के आपातकालीन नं.

कन्ट्रोल रूम नं.	:	0751–2438361, 2342101
		0751–2340489, 101
बाड़ा	:	0751–2438326
मुरार	:	0751–2438324

1 अक्टू. 26 से 31 मार्च 27 तक के लिएघोषित पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की दरें

श्रमायुक्त, इन्दौर द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत 67 अनुसूचित नियोजन में मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें, जिसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सम्मिलित है, जो निम्नानुसार 01 अक्टूबर 2026 से लागू हैं:–

श्रमिकों का वर्ग	कुल वेतन (रु. प्रतिमाह)	कुल वेतन (रु. प्रतिदिन)
अकुशल	12575.00	484.00
अर्द्धकुशल	13571.00	522.00
कुशल	15294.00	588.00
उच्च कुशल	16919.00	651.00

उपसमितियों के गठन हेतु नाम आमंत्रित

वर्ष 2026-29 कार्यकाल हेतु उपसमितियों का गठन होना है। अतः सदस्य महानुभावों से अनुरोध है कि वे प्राथमिकता के आधार पर 04 अथवा 05 उपसमितियों हेतु अपना नाम दिनांक 31 अक्टूबर 2026 तक 'चेम्बर सचिवालय' में पत्र द्वारा अथवा ईमेल info@mpcci.in पर प्रेषित करें।

उपसमितियों के नाम निम्नानुसार हैं :-

1. जीएसटी उपसमिति
2. स्थानीय कर उपसमिति
3. प्रत्यक्ष कर उपसमिति
4. एमएसएरमई उपसमिति
5. सड़क/यातायात उपसमिति
6. सदस्यता उपसमिति
7. संविधान संशोधन उपसमिति
8. भवन विकास एवं रखरखाव उपसमिति
9. महिला उद्यमी उपसमिति
10. हुण्डी उपसमिति
11. डिजिटल व्यापार व्यवहार उपसमिति
12. व्यवसायिक प्रशिक्षण उपसमिति
13. गुना जिला आंचलिक उपसमिति
14. शिवपुरी एवं श्योपुरकलां जिला आंचलिक उपसमिति
15. डबरा-दतिया जिला आंचलिक उपसमिति
16. भिण्ड जिला आंचलिक उपसमिति
17. मुरैना जिला आंचलिक उपसमिति
18. उपनगर ग्वालियर उपसमिति
19. उपनगर मुरार उपसमिति
20. ईडीसी उपसमिति
21. साईबर क्राइम जागरूकता उपसमिति
22. व्यापारिक विवाद निपटान उपसमिति
23. विधिक जागरूकता उपसमिति
24. रेलवे-नागरिक उड्डयन उपसमिति
25. स्वास्थ्य उपसमिति
26. विद्युत उपसमिति

सदस्य उपलब्धियाँ...

श्री अनिल कुमार नीखरा उपाध्यक्ष निर्वाचित



श्री गहोई वैश्य समाज ग्रेटर ग्वालियर के सम्पन्न हुए निर्वाचन में श्री अनिल कुमार नीखरा 'उपाध्यक्ष' निर्वाचित हुए हैं।

प्रेषक : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा सागर प्रिन्टर्स, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-2371691,2632916,2382917